# बिना लीज चल रही फैक्टरियां होंगी बंद नए निवेशकों को मिलेगी खाली जमीन

## यूपीसीडा की समीक्षा बैठक में लापरवाह अफसरों पर कार्रवाई के निर्देश

अमर उजाला ब्यूरो



औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने यूपीसीडा के कामकाज की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। -स्रोत : विभाग

लखनऊ। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने यूपीसीडा के कामकाज की समीक्षा करते हुए क्षेत्रीय अधिकारियों को उद्यमियों को बेहतर सुविधाएं देने, बिना लीज डीड के चल रही फैक्टरियों पर कार्रवाई करने और बंद पड़ी व खाली जमीन पर नए उद्योग लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीईओ यूपीसीडा को लापरवाह व गैरजिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के भी निर्देश दिए।

पिकप भवन में बुधवार को हुई समीक्षा बैठक में यूपीसीडा के सीईओ मयूर महेश्वरी ने बताया कि प्रदेश के 58 औद्योगिक क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए मेंटीनेंस का अनुबंध किया गया है। उद्यमियों की शिकायत के लिए औद्योगिक क्षेत्र में बिजली के खंभों पर व जगह-जगह बार कोड लगाए गए हैं। जिसे स्कैन कर लोग अपनी शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। बताया कि पीलीभीत में 951 एकड़ जमीन पर औद्योगिक इलाका विकसित किया जा रहा है। परियोजना का मास्टर प्लान तैयार हो गया है, जिसे 18 महीने में पूरा करने का समय निर्धारित किया गया है। इसकी लागत 425 करोड़ रूपये निर्धारित की गई है। बैठक में आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर, सीईओ इन्वेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

### बिना नक्शा पास कराए चल रही फैक्टरियों पर करें कार्रवाई

औद्योगिक विकास मंत्री ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में जमीन की कोई कमी नहीं है। सभी औद्योगिक क्षेत्रों में कई फैक्टरियां ऐसी हैं, जो बिना लीज डीड के चल रही हैं। उन्होंने क्षेत्रीय अधिकारियों से जब इस बारे में जानकारी मांगी, लेकिन कोई अधिकारी स्पष्ट जानकारी नहीं दे सका। कहा कि कई स्थानों पर बिना नक्शा पास कराए ही फैक्टरियां चल रही हैं। ऐसी फैक्टरियों पर कार्रवाई की जाए।

### सितंबर से शुरू हो जाएगा जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बुधवार को पिकअप भवन सभागार में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के विकास कार्यों की समीक्षा की। इसमें अधिकारियों ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर का निर्माण निर्धारित समय पर पूरा हो जाएगा। इस वर्ष सितंबर में एयरपोर्ट से उड़ानें शुरू हो जाएंगी। सीईओ यीडा अरुणवीर सिंह ने बताया कि भूमि पूजन समारोह के लिए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) को 43,750 करोड़ रुपये के निवेश के लक्ष्य दिए गए थे। जिसके सापेक्ष यीडा ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक 45,148 करोड़ का निवेश पूरा किया। सीईओ यीडा ने बताया कि अमिताभ कान्त की रिपोर्ट के आधार पर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा 64.7 प्रतिशत और लीज रेट लेकर रजिस्ट्री कराया जा रहा है और पेनाल्टी पर छूट दी जा रही है।